# सांवरे | By Jitendra Patel

खाटू की गलियों में खुशभू है तेरी
कहीं लग ना जाए नज़र श्याम मेरी
क्यों सजते संवारते हो इतना सांवरे
बहुत प्यार करते हैं तुम्हे सांवरे
दया की नज़र हम पे कृपा की नज़र हम पे करो सांवरे
बहुत प्यार करते हैं तुम्हे सांवरे ------------

पहली नज़र में दीवाना बनाया
मुझे तुमने बाबा गले से लगाया
कैसे करूँ तेरा शूकर सवाँरे
बहुत प्यार करते हैं तुम्हे सांवरे ------------

सांवरे को दिल में बसा कर तो देखो
तुम एक बार खाटू आकर तो देखो
जो चाहोगे तुम वो देगा सांवरे
बहुत प्यार करते हैं तुम्हे सांवरे ------------

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-jitendra-patel/